भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4464

जिसका उत्तर 19.03.2026 को दिया जाना है

स्वचालित वाहन तकनीक का कार्यान्वयन

4464. श्री एम. के. राघवन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने स्वचालित वाहन (एवी) तकनीक को सक्षम करने के लिए भारतीय सड़कों के उन्नयन की व्यवहार्यता पर कोई मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का स्वचालित वाहनों की तैनाती में सहायता के लिए सड़क अवसंरचना, डिजिटल मैपिंग और यातायात प्रबंधन प्रणालियों के उन्नयन का विचार है और यदि हां, तो इसकी समय-सीमा और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग-66, जो वर्तमान में निर्माणाधीन है, को स्वचालित वाहनों की आवाजाही हेतु सक्षम बनाने के लिए इसकी अवसंरचना के उन्नयन की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने स्वचालित वाहन के अनुकूल स्मार्ट सिटी या इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम (आईटीएस) विकसित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ किसी सहयोग का प्रस्ताव दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) स्वचालित वाहन प्रौद्योगिकी के संबंध में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

सरकार सार्वजनिक परिवहन में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) आधारित समाधानों को अपनाने में सहायता के लिए इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम (आईटीएस) योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जिसमें ट्रैकिंग, अनुसूची बनाने और संचालन के लिए फ्लीट प्रबंधन प्रणाली भी शामिल है।

*****